## सार-समाचार

### बालोतरा में प्रदूषित पानी का निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने रविवार को देर रात तक बालोतरा फैक्ट्रियों से निकलने वाले रासायनिक दूषित पानी से प्रभावित क्षेत्रों का चार घंटे तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीईपीटी प्लांट सहित जेरला, खेड ग्राम पंचायतों के आवासीय, कृषि और गौचर भूमि का जायजा लिया। सांसद ने हजारों बीघा भूमि पर रासायनिक पानी से हुए नुकसान को देखा और स्थानीय लोगों व अधिकारियों से चर्चा की। सांसद बेनीवाल ने कहा कि बालोतरा की औद्योगिक फैक्ट्रियां बिना ट्रीट किया गया जहरीला पानी अवैध तरीके से लूणी नदी, नालों और खेतों में छोड रही हैं। यह एनजीटी और पर्यावरणीय नियमों का खुला उल्लंघन है। इसके कारण मरुगंगा लूणी नदी बुरी तरह प्रदूषित हो चुकी है, खेत बंजर हो गए हैं, आवासीय कॉलोनियां जलमग्न हैं, वनस्पति जल चुकी है और पशु-पक्षियों की मौत हो रही है। आमजन का जीवन कठिन हो गया है और स्थानीय लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी फैक्ट्रियों के साथ मिलीभगत कर आमजन और प्रकृति की कीमत पर लाभ उठा रहे हैं। सीईपीटी प्लांट के निरीक्षण में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। बेनीवाल ने बताया कि 18 एमएलडी क्षमता वाला यह प्लांट नियमित रूप से संचालित नहीं होता और अक्सर बंद रहता है। यहां मात्र 2 एमएलडी पानी ही ट्रीट होता है, जबकि शेष दूषित पानी सीधे लूणी नदी व खुले नालों में छोड दिया जाता है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्रियों से हर साल अनुमानित लगभग 6० करोड रुपये टैक्स के रूप में वसूला जाता है, लेकिन धरातल पर उसका 2०त्न भी खर्च नहीं किया जाता। यह पूरा तंत्र भ्रष्टाचार और फर्जीवाडे का अड्डा बन चुका है, जिसका खामियाजा प्रकृति, आमजन और लूनी नदी भुगत रही है।

### चौरड़िया भवन में संवंत्सरी मनाएंगे

**जोधपुर**, (कांस )। चौरड़िया भवन में बुधवार को संवंत्सरी पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 6.15 से 7.15 ज्ञान चर्चा तथा 8.30 से प्रवचन, दोपहर को आलोचना पाठ एवं सांय 7बजे से संवत्सरी प्रतिक्रमण होगा। संघ के अध्यक्ष देवराज बोहरा ने बताया कि संवंत्सरी पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्रावक-श्राविकाओं में भारी उत्साह है। आज सुमति मुनि ने अपने प्रवचन में कहा कि पराई सामठी पर नियत नहीं रखनी चाहिए। परायी सामठी को ललचाई नजरों से देखना महापाप है। किसी भी परायी वस्तु पर प्रीति नहीं रखनी चाहिए। हमारा ध्यान हमारी आत्मा की ओर हो, वस्तु जड़ है, वे परायी है। जड़ वस्तु हमारी नहीं हो सकती, ये एक दिन हमसे छूटने वाली है। इच्छाओं का गुलाम बन कर भिखारी नहीं बने। भगवान की आज्ञा से जीवन जीना है। भोग से त्याग की महता ज्यादा है। सामठी का सद्‌उपयोग करना श्रेष्ठकर है। उन्होंने कहा कि जो अच्छे विचार, भाव आये तो उसको क्रियान्वयन करने के लिए भावना बनानी पड़ती है। श्रावकों के लिए चोरी करना महापाप है। इससे पूर्व साध्वी ने कहा जब पोलासपुर नगर में गौतमस्वामी भिक्षार्थ आए तब अतिमुक्त कुमार खेल रहे थे। बालक को गौतमस्वामी बहुत अच्छे लगे। तब वह अपने प्रिय खेल को छोड़कर गौतमस्वामी की अंगुली पकड़कर अपने घर लाये। माता श्रीदेवी हर्षित हुई। गौतमस्वामी ने बालक की अंगुली पकड़कर उसकी भावना मजबूत किया। परमात्मा के श्री मुख से धर्म कथा सुनकर वैराग्य जागृत हो गया। जो जन्मा है वह अवश्य मरेगा, लेकिन कब, कहां कैसे मरेगा व कोनसी गति में जायेगा, यह मालूम नहीं। माँ कहती है तुम एका-एक पुत्र हो । तुमसे वंश चलेगा। तब ऐंवता कहला है कि तुम्हे अपनी पीढियों के नाम भी मालूम नहीं है लेकिन आदीनाथ परमात्मा में संयम लिया। आज तक कितनी ही पीढ़ियां चली गई लेकिन परमात्मा का नाम अमर है और त्रिकाल मैं भी रहेगा।

### जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता संपन्न

**जालोर**, (कासं)। व्यक्ति को हमेशा ईमानदार, सत्यनिष्ट, कष्ट सहिष्णुता, बलवान और बुद्धिवान बनने के लिए अथक प्रयास करना पडता है लेकिन खिलाडी के लिए इन सभी मानवीय मूल्य को अर्जित करने के लिए अलग से कोई प्रयास नहीं करना पडता। सच्ची खेल भावना के खेल से ही उसके जीवन में इन सभी मानवीय मूल्यों का समावेश हो जाता है। इसलिए व्यक्तित्व निर्माण के लिए खेल आवश्यक है। खेल को नियमित ध्यानिष्ठा से खेलने पर इन सभी गुणों का व्यक्ति में स्वत ही समावेश हो जाता है। यह बात राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदनसिंह चंपावत ने मंगलवार जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स अकैडमी के तत्वावधान में जालोर जिला जूडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक संघ राष्ट्रीय के ब्लॉक अध्यक्ष मीना परमार ने की तो विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मनोज दवे और ब्लॉक कोषाध्यक्ष जयेश सुन्देशा व गोविंद परमार उपस्थित रहे। जालोर जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव गणपतसिंह मंडलावत ने बताया कि जिला स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में कल 28 बालकों ने विभिन्न भार वर्ग में अपना स्थान बनाया। जूनियर और सीनियर में विजेता होने वाले छात्र छात्रा खिलाडी भरतपुर के लोहागढ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में रामदेव स्पोर्ट्स अकैडमी के कोच प्रीतमसिंह ने जालौर की विभिन्न प्रतिभाओं का परिचय दिया तथा आने वाले समय मे अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर खेलो इंडिया बास्केटबॉल कोच इमरान खान, अंतरराष्ट्रीय वुशु खिलाडी छवि चौधरी, हिमानी वैष्णव,निर्णायक दुष्यंत राव, ईश्वरसिंह, दीपाराम, भूपेंद्रसिंह, केराराम सहित खिलाडी और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

### सायला में गणपति महोत्सव आज से

**सायला**, (निसं)। जालोर जिले में सायला नगर के पुराना बस स्टैण्ड स्थित गणपति रिध्दि सिद्धि मन्दिर में गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर मन्दिर को साफ सफाई कर आकर्षक ढंग से रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणपति मित्र मंडल के अनुसार गणेश चतुर्थी पर गणेश प्रतिमाओ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही दस दिवसीय गणपति महामहोत्सव के तहत मंदिर के पास भव्य पांडाल सजाया गया है। जिसमे श्रेष्ठ मुहर्त में पूजा अर्चना के साथ गणेश प्रतिमा की विधिवत रूप से लाभार्थी परिवार द्वारा स्थापना की जाएगी। पांडाल में प्रतिदिन संध्या आरती का आयोजन होगा तथा ब्रज मंडल के कलाकारों द्वारा विभिन्न देवी देवताओं के स्वांग धारण कर झांकियों की प्रस्तुति दी जायेगी। वही दोपहर में पुराना बस स्टैंड स्थित मन्दिर से भव्य वरघोडा निकाला जाएगा। जो मंदिर से रवाना होकर कात्यायनी माता मंदिर, लहर भारती कुटिया से होता हुआ पुनः मंदिर पहुंचकर विसर्जन होगा। इसके बाद मन्दिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसादी का वितरण होगा।

### कदली वन हनुमान मंदिर में तैयारी पूरी

**पोकरण**, (निसं)। सेल्वीमे एशिया के पहले स्वास्तिक चिन्ह पर निर्मित सिद्ध पीठ कदली वन हनुमान के मंदिर में पांच दिवसीय राधा अष्टमी पाटोत्सव का आयोजन इस वर्ष विशेष आध्यात्मिक उत्साह के साथ किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को प्रातः 9 बजे होगा। इस अवसर पर देशविघि प्रायश्चित स्नान एवं हवन के साथ धर्म ध्वजा की स्थापना की जाएगी। समारोह का आयोजन अनंत त्रिदंडी दंडी स्वामी परमपद धनुघरराचार्य महाराज के आशीर्वाद में तथा संत शिरोमणि ओम जी महाराज एवं बाल संत मारुति नंदन जी महाराज के सान्निध्य में किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार इस पाटोत्सव में प्रतिदिन भक्ति संध्या, संकीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। क्षेत्र के भक्तगण और श्रद्धालु इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व के आयोजन में बडी संख्या में सम्मिलित होकर पुण्यलाभ अर्जित करेंगे।

### टंकण परीक्षा 18 को, आवेदन मांगे

**जालोर**, (नि.सं.)। जिला जालोर में कार्यरत विभिन्न विभागों के मृत राज्य कर्मचारियों के आश्रित अनुकम्पात्मक नियुक्त कनिष्ठ सहायकों (नवीन नियुक्त जो पात्र हो) की टंकण परीक्षा (अंग्रेजी/हिन्दी) 18 सितम्बर को आयोजित की जायेगी जिसके लिए 2 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अतिरिक्त जिला कलैक्टर व परीक्षा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश मेवाड़ा ने बताया कि ऐसे समस्त अभ्यर्थी आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों व 500 रूपये की डी.डी. के साथ (''जिला कलक्टर जालोर परीक्षा'' के नाम से देय) 2 सितम्बर, को सायं 6 बजे तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। इस समयावधि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी टंकण परीक्षा के लिए आवेदन पत्र संस्थापन अनुभाग, कार्यालय जिला कलक्टर जालोर से प्राप्त कर सकते हैं।

# प्रकरणों का अधिकाधिक निस्तारण करें : अहसान अहमद



जालोर में जिला विधिक सेवा प्राधिरकण के सचिव न्यायाधीश अहसान अहमद ने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून के निर्देशन में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायालयों की ओर से तैयारियां जोरों पर चल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष हारून के निर्देशन में बैंक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बैंक अधिकारियों को कहा कि लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण में हर संभव प्रयास करें।

उन्होंने बैंक अधिकारियों को कहा कि न्यायालयों में लंबित चल रहे धारा 138 एनआई एक्ट, ऋण वसूली आदि के प्रकरणों में वन टाइम सेटलमेंट राशि का निर्धारण प्रकरणों को जरिए राजीनामा निस्तारण के प्रयास किए जावे। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में लंबित चल रहे प्रकरणों की सूची बनाकर यथा शीघ्र पेश करे।

उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण करने पर बैंक की ओर से दी जा रही छूट योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, इसके लिए बैंक में सुदृश्य स्थान पर बैनर प्रदर्शित किया जावे।

उन्होंने कहा कि ऋण वसूली के संबंध में प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में भी पक्षकारान से बैंक स्तर पर भी प्री काउंसलिंग की जावे एवं प्रकरण में समझौते के लिए हर संभव प्रयास किए जावे। इस दौरान उन्होंने प्री लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण यथा शीघ्र पेश करने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसबीआई बैंक के मैनेजर प्रशांत गहलोत, राजस्थान ग्रामीण बैंक के मनीष कुमार, कैनरा बैंक के अरूण गुप्ता, शिवकरणसिंह, यशपाल राजपुरोहित, मनोज कुमार सहित अन्य बैंक मैनेजर मौजूद रहे।

# रामदेवरा मेले में स्वच्छता के लिए ग्राम पंचायत ने किए पुख्ता इंतजाम

**पोकरण** (निसं)। विश्वविख्यात लोकदेवता बाबा रामदेव जी के 641वें मेले के दौरान इस वर्ष स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत रामदेवरा ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को पहले से अधिक सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारी की है।

विकास अधिकारी एवं सहायक मेलाधिकारी हनुमानराम ने बताया कि मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए इसे तीन जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में 6 प्रभारी और 70 सफाईकर्मी तैनात किए गए हैं, जो तीन पारियों में चौबीसों घंटे निगरानी और सफाई कार्य कर रहे हैं।

कुल 210 सफाईकर्मी, 4 ट्रैक्टर और 4 टैक्सियों के माध्यम से लगातार सफाई व्यवस्था बनाए रखी जा रही है। सभी सफाईकर्मी ड्रेसकोड में हैं और उनसे संपर्क के लिए वॉकी-टॉकी की व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग 15 स्थायी सुलभ कॉम्प्लेक्स और 10 मोबाइल टॉयलेट उपलब्ध कराए हैं। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय भी बनाए गए हैं, जिनकी सफाई और रखरखाव के लिए कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। पंचायत ने होटल, धर्मशालाओं और सेवाभावी समितियों को कचरा पात्र का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। नियमों की अवहेलना करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पंचायत द्वारा जूते-चप्पल रखने और हटाने की व्यवस्था भी की गई है, ताकि मंदिर परिसर स्वच्छ और व्यवस्थित रहे। सफाईकर्मियों के फोटोयुक्त परिचय पत्र जारी किए गए हैं और सूचना केंद्रों से समय-समय पर संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। लगभग 200 स्वयंसेवक सेवादल भी ट्रैक्टर सहित सफाई कार्य में पंचायत का सहयोग कर रहे हैं। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान करें।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज का श्रावणी कर्म संपन्न



श्रीमाली ब्राह्मण समाज जालोर व आहोर के लोगों का धानपुर में कल्याण सिंह, सुमेर सिंह, लाल सिंह राठौड़ के तरणताल में महावीर शास्त्री के आचार्यत्व में श्रावणी कर्म संपन्न हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। श्रीमाली ब्राह्मण समाज. जालोर व आहोर द्वारा धानपुर में कल्याण सिंह, सुमेर सिंह और लाल सिंह राठौड के तरण ताल में महावीर शास्त्री के आचार्यत्व में श्रावणी कर्म संपन्न हुआ।

श्रावणी कर्म में दशविध स्नान हेमाद्री संकल्प के साथ भस्म, मिट्टी, गौ मेय, सुवर्ण धान्य, फल आदि स्नान सम्पन्न करवाया। उसके बाद गायत्री जप मध्यान्ह संध्या करवाने के पश्चात देव, ऋषि और पितृ तर्पण किया। पुनः स्नान के बाद भगवान विष्णु का उपचार सहित पूजन और ऋषि पूजन किया गया वहीं नूतन यज्ञोपवित धारण किये गये।

यजमान सहित जालोर मारवाडी आमना अध्यक्ष ललित कुमार दवे, वरिष्ठ अधिवक्ता मधु सूदन व्यास, जानकी लाल नाग, देवेंद्र कुमार नाग, भंवर लाल, धनराज दवे, हेमेंद्र व्यास, सुरेंद्र कुमार, अजय, शिवकुमार दवे अश्विनी श्रीमाली , पुखराज शर्मा, श्री कृष्ण दवे, दिलीप दवे व आहोर से भंवर लाल व्यास , घनश्याम शर्मा, रमेश कुमार दवे, बाबू लाल दवे तथा भंवर लाल दवे सहित बडी संख्या में जालोर व आहोर के ब्राह्मण उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा में सवार महिला के बैग से पर्स चुराया

**जोधपुर**, (कांस )। शहर के पावटा से मेड़ती गेट के बीच में ई-रिक्शा में एक महिला के बैग से किसी अन्य महिला ने पर्स चुरा लिया।

पर्स में दस हजार की नगदी के साथ सोने की अंगूठी होना बताया गया है। ई रिक्शा में सवार पीड़ित महिला के साथ उसकी बेटी भी थी। इसके अलावा दो महिलाएं और एक बच्चा भी था। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण में जांच आरंभ की है।

खसरा नंबर 45 नांदड़ी बनाड़ निवासी श्वेता पत्नी विकास सिंह सोलंकी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह 24 अगस्त को पावटा कृषि भवन से होते हुए एक ई रिक्शा में मेड़ती गेट पर उतरी थी। उसके पास में बैग था जिसमें पर्स रखा हुआ था। बैग से पर्स पार हो गया। इस पर्स में दस हजार रूपए सोने की एक तोला अंगूठी भी थी। पुलिस के अनुसार महिला ने अपना बैग नीचे दोनों पैरों के बीच रखा हुआ था। मामले में उदयमंदिर पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि कुछ दिन पहले ऑटो सवार महिला के साथ भी ऐसी एक घटना हुई थी। वहीं देवनगर, प्रतापनगर में भी दो घटनाएं हो रखी है। दो बार ई रिक्शा और दो बार ऑटो में ऐसी घटनाएं हुई है।

# राज्यपाल को नेत्र कुंभ महाशिविर के समापन कार्यक्रम का निमंत्रण

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने मंगलवार को राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सौजन्य भेंट कर उन्हें लोकदेवता बाबा रामदेवजी की पावन भूमि पोकरण में आयोजित नेत्र कुम्भ महाशिविर 2025 के समापन अवसर पर होने वाले भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

राज्यपाल ने निमंत्रण पत्र स्वीकार करते हुए अपने अमूल्य समय से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान की। इस अवसर पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हिंगडा, एवं निजी सहायक गुलाब सिंह राठौड भी उपस्थित रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिव्या कुमारी के तीर्थ नगरी रामदेवरा में आने का कार्यक्रम के साथ ही स्थानीय प्रशासन एवं बाबा रामदेवरा मन्दिर सेवा समिति,व सुरक्षा एजेंसीयां भी सक्रिय हो गई है।

## गर्ग जालोर जिले के दौरे पर आज

**जालोर**, (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 27 अगस्त को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे।

विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 27 अगस्त को प्रातः 8 बजे जोधपुर से वाया भारतमाला हाईवे होते हुए प्रातः 11 बजे भीनमाल पहुँचेंगे जहाँ वे स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तथा दोपहर 11.30 बजे भीनमाल से रवाना होकर दोपहर 12.30 बजे नून पहुँचेंगे। नून से दोपहर 1.15 बजे रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे सांथू पहुँचेंगे जहाँ वे वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात् दोपहर 1.50 बजे सांथू से रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे जालोर पहुँचेंगे तथा सायं 4 जालोर से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जोधपुर में कलैक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

**जोधपुर**, (कांस )। ज़िला कलैक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में ज़िले की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। विभागों की योजनागत प्रगति, जनशिकायतों के निस्तारण, न्यायालयीन प्रकरणों, मुख्यमंत्री एवं वीआईपी प्रकोष्ठ के निर्देशों तथा मानवाधिकार आयोग के संदर्भों की गहन समीक्षा की गई।

अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सीधे नागरिकों के संतोष से जुड़ी हुई है, अतः शिकायत समाधान में लापरवाही न बरती जाए। ज़िला कलेक्टर ने कहा कि विभागीय समन्वय, पारदर्शिता और संवाद ही योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने के मुख्य साधन हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलता है जब ज़मीनी स्तर पर प्रशासनिक तालमेल बना रहे। न्यायालयों में लंबित अवमानना प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रत्येक विभाग को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ, वीआईपी निर्देश, लोकायुक्त तथा मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों पर भी विभागीय स्तर पर शीघ्र व प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि कार्यप्रणाली की नियमित समीक्षा और परिणामों की सतत निगरानी से ही प्रशासनिक दक्षता एवं जनसंतोष सुनिश्चित हो सकता है। अग्रवाल ने नशीले पदार्थों की तस्करी, ई-सिगरेट की अवैध बिक्री, गांजा व अफीम की गैरकानूनी खेती, तथा साइकोट्रोपिक दवाओं की अवैध खपत पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।

# रामदेवरा के 430 सौ विद्यार्थियों की नेत्र जांच

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण व आस-पास के सभी क्षेत्रवासियों की नेत्रजाँच हो और समाज के प्रत्येक वर्ग और आयु को नेत्रकुम्भ का लाभ मिले इसलिए आज 26 अगस्त को सक्षम व सहयोगी संगठनों द्वारा आयोजित लोकदेवता बाबा रामदेव नेत्रकुम्भ की जाँच टोली द्वारा रामदेवरा स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशेष मोबाइल नेत्र वैन के माध्यम से निश्शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। इस जांच शिविर में विद्यालय के लगभग 450 विद्यार्थियों की आँखों की स्क्रीनिंग की गई।

जाँच टोली के नेत्र सहायक सुशील एवं हेमंत ने बच्चों की आँखों की जाँच की और जिन बच्चों में दृष्टि दोष या नेत्र संबंधी समस्याएं पाई गईं उन्हें आगे का उपचार दिया गया एवं जिनके नंबर आये उनको चश्में देने के लिए चिह्नित किया गया। जाँच के साथ-साथ विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को समझाया कि स्वस्थ नेत्र अच्छे भविष्य की नींव हैं, क्योंकि दृष्टि समस्या न केवल पढाई को प्रभावित करती है, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता पर भी गहरा असर डालती है। समय पर नेत्र जाँच से छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान हो सकता है और बच्चे पढाई, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। पी. एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित एक स्वायत्त निकाय है। इन विद्यालयों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब और खेल की उत्तम सुविधाएं प्रदान की जाती है। इस योजना के द्वारा भारत सरकार सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने और उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम के सभी घटकों को समाहित करके राष्ट्रीय स्तर पर आदर्श विद्यालय बनाना चाहती हैं ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा मिल सके। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि सक्षम संस्था द्वारा आयोजित यह शिविर न केवल विद्यार्थियों की आँखों के स्वास्थ्य की दिशा में बडा कदम है, बल्कि समाज के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। नेत्रकुम्भ द्वारा मरुप्रदेश के आधुनिक सुविधाओं से वंचित इस क्षेत्र के निवासियों के लिए व विद्यालय के इन विद्यार्थियों के लिए घर बैठे आयी इस नेत्रजाँच टोली द्वारा की गई इस सेवा की मुक्त कंठ से सराहना की गई और टोली के सदस्य सुशील, हेमंत अनिल व्यास, रूपेंद्र खत्री व लक्ष्मण सिंह का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जोधपुर प्रान्त के प्रांत प्रचारक विजयानंद , बाडमेर विभाग प्रचारक जगदीश , नागार्जुन , विद्या भारती राजस्थान के क्षेत्रीय सहमंत्री शैलेन्द्र कुमार , विश्व हिंदू परिषद के जोधपुर प्रान्त संगङ्गन मंत्री राजेश भाई, जम्भेश्वर धाम, जाम्बा, फलौदी के महंत भगवानदास , एन.एम.ओ. के डॉ सिद्धेश गौड, डॉ. शरद थानवी नेत्रकुम्भ में शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

# हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान अभियान का पोस्टर जारी



जालोर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय के हमारा विद्यालय-हमारा अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। शिक्षक संघ राष्ट्रीय के हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान अभियान के पोस्टर का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक भंवरलाल परमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मुनेश कुमार कुमार मीना, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लहरी राम, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक प्रकाश चंद्र दवे एवं एसीबीईओ जालोर जबर सिंह राठौड के हाथों किया गया।

जिला मंत्री कपूरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से संचालित यह अभियान 1 सितंबर को देश भर के पांच लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। राजस्थान में शिक्षक संघ राष्ट्रीय के माध्यम से राज्य के सभी विद्यालयों में शिक्षक और विद्यार्थी सामूहिक रूप से पांच संकल्प लेंगे। पोस्टर विमोचन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने बताया कि यह अभियान विद्यार्थी और शिक्षकों में आत्मीयता और स्वाभिमान की भावना का विकास करेंगे जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ने बताया कि इस कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों में संस्कार का विकास होगा साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति कर्तव्य भावना प्रगाढ होगी। पोस्टर विमोचन के बाद शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक एवं माध्यमिक से क्रमशः माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर से सत्यापन के बाद प्राप्त रीट प्रमाण पत्र के आधार पर स्थाईकरण करने और ग्रीष्मकालीन अवकाश वेतन प्रकरण के शीघ्र निस्तारण में आने वाली समस्या और समाधान के साथ साथ अन्य शिक्षक समस्याओं पर वार्ता की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हीर सिंह राठौड, संगठन मंत्री शैतान सिंह राजपुरोहित,सह संगठन मंत्री नरेंद्र कुमार बोहरा, उपाध्यक्ष उदय सिंह चौहान, जिला कोषाध्यक्ष नाथा राम भाटी,ब्लॉक मंत्री आहोर ललित कुमार ओझा, विक्रम सिंह सिराना,राजू दान राव, अनूप लोढा,जसपाल सिंह,जुगल किशोर, अशोक कुमार दवे सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## फैक्ट्री श्रमिक की करंट लगने से मौत

**जोधपुर**, (कांस )। शहर के बोरानाडा रोड - सालावास गांव में एक फैक्ट्री श्रमिक की रविवार की अपरान्ह में करंट लगने से मौत हो गई थी। परिजन ने इसमें फैक्ट्री मालिक की लापरवाही बताते हुए आज सुबह एम्स अस्पताल में धरना प्रदर्शन किया। वे फैक्ट्री मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध जताने लगे। हालांकि मृतक के भाई की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। मृतक लखारा समाज का था। समाज के काफी संख्या में लोग मोर्चरी पर एकत्र हो गए।

विवेक विहार थाना पुलिस के अनुसार नयापुरा चौखा क्षेत्र में रहने वाला 32 साल का हंसराज पुत्र पूनाराम बोरानाडा रोड-सालावास के पास में एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार की अपरान्ह में उसे फैक्ट्री में एंगल ले जाते वक्त करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बाद में पुलिस ने मौका कार्रवाई कर शव को एम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

इधर आज सुबह मृतक के परिजन और लखारा समाज के लोग अस्पताल की मोर्चरी पर एकत्र हो गए और धरना दे दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर फैक्ट्री मालिक पर कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया जा सका। सूचना पर विवेक विहार पुलिस अस्पताल पहुंची।

# पैदल संघ चारभुजा रवाना

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय समेत क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालुओं का संघ मंगलवार को चारभुजा धाम राजसमंद के लिए रवाना हुआ। वैष्णव शिक्षा सेवा समिति सायला के अध्यक्ष द्वारकादास वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर किशोरदास, कृष्णदास, दिनेशदास, विनोद, जीतू, हितेश, राधेश्याम, बालूदास, श्याम वैष्णव, सुरेशदास, अमृत वैष्णव, महेंद्रदास, गिरधारीदास श्रद्धालु मौजूद रहे।